आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.10.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वीं जयन्ती पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक, आरेडिका विनय मोहन श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आरेडिका, महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीती श्रीवास्तवा भी साथ रहीं। आरेडिका के पीसीई, आर. बी. यादव ने महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव को एवं पीसीपीओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने महिला कल्याण संगठन आरेडिका को पौधा देकर उनका स्वागत किया।

महाप्रबंधक आरेडिका ने शॉपिंग कम्पलेक्स में उपस्थित बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, केन्द्रीय विद्यालय, आरेडिका के बच्चों एवं आवासीय परिसर में निवास कर रहे लोगों को स्वच्छता का शपथ दिलाया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम लोगों को बापू के स्वच्छ भारत के सपनों को साकार करने के लिए स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए और एकल उपयोग प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए साथ ही एकल प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसानो के बारे में भी बताया। इस अवसर पर महाप्रबंधक तथा आरेडिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

महाप्रबंधक श्री श्रीवास्तव एवं अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन, आरेडिका ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के बच्चों की टीम को आवासीय परिसर में घर–घर जाकर स्वच्छता का संदेश देने के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महाप्रबंधक आरेडिका ने इस अवसर पर शॉपिंग कम्पलेक्स परिसर में वृक्षारोपण कर अगले एक सप्ताह में आरेडिका परिसर में 1500 वृक्षों को रोपित करने के अभियान का शुभारम्भ किया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आरेडिका सांस्कृतिक संगठन के नेतृत्व में कर्मचारियों एवं छोटे–छोटे बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके पश्चात अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन, आरेडिका द्वारा आरेडिका निवासियों के बीच जूट के थैलों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के पीएफए श्री आर. के. मनोचा, पीसीई आर.बी. यादव, पीसीपीओ श्री अजय कुमार श्रीवास्तव सहित विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक व बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी

02/10/19